# निवेशकों को एक ही विंडो से मिलेंगी सभी मंजूरियां

**नई दिल्ली।** देश और विदेश के निवेशकों को अब एक ही पोर्टल के जरिये सभी नियामकीय मंजूरियां मिल सकेंगी। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को राष्ट्रीय सिंगल विंडो सिस्टम लॉन्च किया।

गोयल ने कहा, कारोबारी सुगमता की दिशा में यह बड़ा कदम है। इस विंडो पर अधिकतर सरकारी कार्यालयों से मंजूरी और पंजीकरण कराया जा सकता है। अभी इस पोर्टल पर केंद्र के 18 और राज्यों के 9 विभाग जुड़े हैं। दिसंबर तक केंद्र के 14 व राज्यों के 5 विभागों को और जोड़ा जाएगा। यह पोर्टल निवेशकों को अफसरशाही से आजादी दिलाएगा।

**वाणिज्य मंत्री ने लॉन्च किया सिंगल विंडो सिस्टम**

इससे उद्यमिता बढ़ाने और विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने में मदद मिलेगी। अगले तीन महीने में राज्य व मंत्रालय भी इस पोर्टल पर स्थायी रूप से कारोबार की सभी मंजूरियां देने लगेंगे, जो वास्तव में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम साबित होगा। एजेंसी